| |
|---|
| दिनांक 04.01.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 08/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## जनपद अयोध्या/थाना कोतवाली रूदौली

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **05 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 05 लाख रूपये कीमत की चोरी के 18 बंडल विद्युत तार आदि**
- **05 मोबाइल फोन**
- **घटना में प्रयुक्त 01 पिकअप वाहन आदि बरामद**

दिनांक 04.01.2026 को थाना कोतवाली रूदौली पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम बनगवाँ जाने वाले तिराहे के पास से 05 अभियुक्तों 1–मनीष 2–कुष्ण कुमार 3–गंगादीन 4–मनोज 5–आशीष को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 05 लाख रूपये कीमत की चोरी के 18 बंडल विद्युत तार, 05 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त 01 पिकअप वाहन आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि थाना कोतवाली रूदौली क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा विद्युत तार चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली रूधौली पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद विद्युत तार आदि चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली रूदौली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–मनीष निवासी ग्राम परडी शाहगंज थाना इनायतनगर जनपद अयोध्या।

2–कुष्ण कुमार निवासी कनकपुर सगरौली थाना तारून जनपद अयोध्या।

3–गंगादीन निवासी बन्नी पीपरी थाना बीकापुर जनपद अयोध्या।

4–मनोज निवासी ग्राम शंकरपुर विक्रमजोत थाना छावनी जनपद बस्ती।

5—आशीष निवासी ग्राम पुरे जोधी शुक्ल का पुरवा थाना इनायत नगर जनपद अयोध्या।

**बरामदगी**

1—लगभग 05 लाख रूपये कीमत की चोरी के 18 बंडल विद्युत तार।

2—05 मोबाइल फोन।

3—घटना में प्रयुक्त 01 पिकअप वाहन आदि।

## जनपद शामली/थाना कैराना

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 20 मोटर साइकिल**
- **08 फर्जी नम्बर प्लेट आदि बरामद**

दिनांक 03.01.2026 को थाना कैराना पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 02 अभियुक्तों 1—रिजवान उर्फ भूरा 2—मो0शकील को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 20 मोटर साइकिल, 08 फर्जी नम्बर प्लेट आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त रिजवान उर्फ भूरा के विरूद्ध जनपद शामली के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 09 अभियोग एवं अभियुक्त मो0शकील के विरूद्ध जनपद शामली के विभिन्न थानो में चोरी आदि के 05 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना कैराना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—रिजवान उर्फ भूरा निवासी ग्राम टांड़ा थाना छपरौली जनपद बागपत, मूलपता कोठला थाना झिंझाना जनपद शामली।

2—मो0शकील निवासी ग्राम टांड़ा थाना छपरौली जनपद बागपत।

**बरामदगी**

1—चोरी की 20 मोटर साइकिल।

2—08 फर्जी नम्बर प्लेट आदि।

**जनपद रामपुर/थाना टांडा**

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **05 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी का 01 ट्रैक्टर**
- **02 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस**
- **01 कार (बिना नम्बर प्लेट) आदि बरामद**

दिनांक 04.01.2026 को थाना टांडा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम जटपुरा के पास से 05 अभियुक्तों 1—समीर 2—मौ0 आरिफ 3—साहब अली 4—शमी खाँ उर्फ शानू 5—अयान को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी का 01 ट्रैक्टर, 02 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस, 01 कार (बिना नम्बर प्लेट) आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 30.12.2025 को थाना टांडा क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना टांडा पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद ट्रैक्टर चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना टांडा पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—समीर निवासी ग्राम हकीमगंज थाना अजीमनगर जनपद रामपुर।

2—मौ0 आरिफ निवासी ग्राम मिलक काजी थाना स्वार जनपद रामपुर।

3—साहब अली निवासी ग्राम हकीमगंज थाना अजीमनगर जनपद रामपुर।

4—शमी खाँ उर्फ शानू निवासी ग्राम काशीपुर आगा थाना अजीमनगर जनपद रामपुर।

5—अयान निवासी ग्राम सैजनी नानकार थाना गंज जनपद रामपुर।

**बरामदगी**

1—चोरी का 01 ट्रैक्टर।

2—02 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस।

3—01 कार (बिना नम्बर प्लेट) आदि।

———————